Regarding need to provide employment to people displaced due to Rajhara Coal Mines in Palamu Parliamentary Constituency and also resume mining activities therein-Laid

श्री विष्णु दयाल राम **(**पलामू**) :** मैं सरकार का ध्यान एक अति महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत बंद पड़ी रजहरा कोलियरी को खुलवाने हेतु वर्ष 2014 से ही इस मामले को मैं सदन में उठा रहा हूं । उल्लेखनीय है कि रजहरा कोलियरी को खोलने के लिए सारी प्रक्रियाएं पूरी की जा चुकी है और हर तरह की व्यवस्था भी की जा चुकी है कि केवल 20 विस्थापितों को नौकरी दी जानी है जिसपर अटॉर्नी जनरल की सहमति भी प्राप्त हो चुकी है । परन्तु अनावश्यक रूप से विलम्ब किया जा रहा है । अतः माननीय कोयला मंत्री, भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत रजहरा कोलियरी में विस्थापितों के नौकरी देने से संबंधित मामले का निराकरण कराते हुए उक्त कोलियरी में अविलंब उत्खनन का कार्य प्रारंभ कराने की कृपा की जाय ।